न्यायालय उपखण्ड अधिकारी, तारानगर (चूरू)

पीठासीन अधिकारी श्री राजेन्द्र कुमार (आर.ए.एस.)
ग्रामीण सेवा शिविर 2025 राजपुरा

अनुवान मीनाराम बनाम राजस्थान सरकार
प्रार्थना–पत्र संख्या –594/2025
निर्णय दिनांक 19/12/25

मीनाराम पुत्र लादू राम जाति नायक निवासी राजपुरा तहसील चूरू जिला चूरू

प्रार्थी

बनाम

राजस्थान सरकार जरिए तहसीलदार तारानगर जिला चूरू।

अप्रार्थी

प्रार्थना पत्र अन्तर्गत धारा 136 लैण्ड रेवेन्यू एक्ट

–::निर्णय::–

प्रार्थी द्वारा ग्रामीण सेवा शिविर 2025 राजपुरा में प्रार्थना पत्र प्रस्तुत कर निवेदन किया गया है कि खाता संख्या 659 के खसरा नं. 275 तादादी 3.0727 है0, खसरा नं. 873/238 तादादी 6.0696 है0, खसरा नं. 876/240 तादादी 1.6186 है0 रोही ग्राम राजपुरा तारानगर में दर्ज रिकॉर्ड है। जिसमें प्रार्थी का नाम मनीराम पुत्र लादूराम दर्ज है जो कि गलत है। जवकि सही नाम मीनाराम पुत्र लादू राम है। अतः श्रीमानजी से निवेदन है कि नाम शुद्ध कर दर्ज करवाने की कृपा करें।

प्रार्थना पत्र दर्ज रजिस्टर किया गया। तहसीलदार तारानगर से जांच रिपोर्ट तलव की गई। तहसीलदार तारानगर से जांच रिपोर्ट प्राप्त हुई। प्रार्थी द्वारा प्रस्तुत प्रार्थना पत्र उसके संलग्न दस्तावेजों तथा तहसीलदार तारानगर से प्राप्त जांच रिपोर्ट का अवलोकन किया गया। तहसीलदार ने अपनी जांच रिपोर्ट में प्रार्थी का नाम मनीराम पुत्र लादूराम के स्थान पर मीनाराम पुत्र लादू राम किये जाने की अनुशंषा की है।

अतः खाता संख्या 659 के खसरा नं. 275 तादादी 3.0727 है0, खसरा नं. 873/238 तादादी 6.0696 है0, खसरा नं. 876/240 तादादी 1.6186 है0 रोही ग्राम राजपुरा तारानगर के राजस्व रिकॉर्ड में दर्ज प्रार्थी का नाम मनीराम पुत्र लादूराम Delete कर इसके स्थान पर मीनाराम पुत्र लादू राम अंकित कर राजस्व रिकॉर्ड में दुरूस्ती के आदेश दिये जाते है तथा शेष राजस्व रिकॉर्ड यथावत रखा जाए। निर्णय की प्रति तहसीलदार तारानगर को राजस्व रिकार्ड में अमलदरामद हेतु भिजवाई जावे। पत्रावली फैसला शुमार होकर दाखिल दफ्तर हो।

निर्णय आज दिनांक 19/12/25 को ग्रामीण सेवा शिविर 2025 राजपुरा में लिखाया जाकर सुनाया गया।

उपखण्ड अधिकारी तारानगर (चूरू)

Rajendra

राजेन्द्र कुमार (आर.ए.एस.)
उपखण्ड अधिकारी
तारानगर (चूरू)